प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 08.10.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. दहेज के लिये प्रताडित करने, दुष्कर्म करने व गर्भपात करने तथा जान से मारने की धमकी देने का 01 आरोपी गिरफ्तार, थाना छजलैटः-

अवगत कराना है कि दिनांक 07.09.2024 को वादिनी निवासी थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी को दहेज के लिये प्रताडित करने, दुष्कर्म करने व गर्भपात करने तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना छजलैट पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना छजलैट पर मु0अ0सं0-191/2024 धारा- 85/64/89/127(2) 351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध व अपराधियो पर प्रभावी अंकुश व गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान एंव विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 08.10.2024 को उ0नि0 श्री ईसार अहमद थाना छजलैट द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त मोहसिन पुत्र कामिल हुसैन निवासी ग्राम संदलीपुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

2- थाना डिलारी पुलिस द्वारा 01 वारंटी को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 08.10.2024 को थाना डिलारी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त/वारंटी गुफरान पुत्र शब्बीर निवासी मानपुर दत्तराम थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद सम्बंधित एसटी नं0 2166/22 अ0सं0 परिवाद धारा 138 एनआई एक्ट को गिरफ्तार कर सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

3- थाना कटघर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 05 आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 08.10.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा द्वारा शान्ति भंग कर रहे आरोपीगण 1.अतर सिंह पुत्र प्रतीपाल सिंह निवासी पंडित नगला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 2.रिंकू पुत्र प्रेमपाल निवासी पंडित नगला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 3.मोहन सिंह पुत्र प्रतीपाल सिंह निवासी पंडित नगला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 4. मौहम्मद दानिश पुत्र मजहर हुसैन निवासी मकबरा पुलिस चौकी के पास थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 5. अब्दुल्ला पुत्र हबीब उर्फ बंटी निवासी नबाबपुरा नबी क्रीम स्ट्रीट थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।